## एनआईसी मध्य प्रदेश द्वारा जल निगम मध्य प्रदेश हेतु विकसित प्रणालियों पर मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण सत्र का आयोजन


मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल में आयोजित **दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम** के अंतर्गत **10 मार्च 2026** को एनआईसी मध्य प्रदेश द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मास्टर ट्रेनर्स को ग्राम पंचायत स्तर पर जल प्रभार प्रबंधन एवं कर आकलन ,संग्रहण ऑनलाइन भुगतान प्रक्रियाओं से संबंधित डिजिटल कार्यप्रवाह और कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षित करना था, जिससे कि इस जानकारी का प्रभावी प्रसार कर सकें।

मध्य प्रदेश जल निगम के लिए पंचायत दर्पण पोर्टल पर एनआईसी एमपी द्वारा विकसित प्रमुख मॉड्यूल्स एवं तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षण के लिए से श्रीमति प्रीति कोठारी ,वरि. निदेशक-आईटी एवं श्री दीपक व्यास,संयुक्त निदेशक–आईटी ने सहभागिता की । श्रीमति कोठारी ने अपने संबोधन में **जल निगम द्वारा अपनाई जाने वाली जल प्रभार बिलिंग प्रक्रिया** के विकसित मॉड्यूल और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

श्री दीपक व्यास द्वारा जल निगम की परियोजना प्रबंधन इकाइयों (PIUs) द्वारा पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतों के लिए जल प्रभार बिल तैयार किए जाने की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से समझाया गया । प्रतिभागियों को बिल तैयार करने और उनके प्रबंधन की संपूर्ण कार्यप्रणाली का प्रदर्शन भी किया गया।


सत्र में ग्राम पंचायतों द्वारा जल प्रभार के ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया, जल कर आकलन एवं बिलिंग प्रणाली तथा नागरिक सेवा पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई। इन प्रणालियों के माध्यम से कर आकलन करना, बिल देखना, डिजिटल भुगतान करना तथा रसीद प्राप्त करना संभव है, जो वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाने, प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित करने तथा पंचायतों और नागरिकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने मे सहायक होंगी ।

प्रशिक्षण सत्र में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन से जुड़े अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की तथा अंत में आयोजित चर्चा एवं प्रश्नोत्तर सत्र में प्रणाली के उपयोग तथा फील्ड स्तर पर इसके क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों और सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया।
यह कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर्स को पंचायत दर्पण पोर्टल पर एमपी जल निगम के लिए विकसित डिजिटल प्रणालियों की बेहतर समझ प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुआ, जिससे वे इन प्रणालियों के प्रभावी प्रशिक्षण एवं जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।







संकलन:- श्री दीपक व्यास , संयुक्त निदेशक (आईटी)

## Training Session organized by NIC Madhya Pradesh for Master Trainers on systems developed for MP Jal Nigam

A technical training session was delivered by NIC Madhya Pradesh during a **Two-Day Residential Training Programme for Master Trainers** organized by **MP Jal Nigam** on **10 March 2026** at National Institute of Technical Teachers' Training and Research (NITTTR), Bhopal.

The training programme was aimed at capacity building of Master Trainers who will further disseminate knowledge about the digital systems and processes related to water charge management and tax collection at the gram panchayat level.

The objective of the lecture was to familiarize participants with the operational workflows and functionalities available on the Panchayat Darpan Portal for water charge billing, tax assessment, and online payment processes.

**Smt. Preeti Kothari**, Senior Director-IT, and **Shri Deepak Vyas**, Joint Director-IT, participated in the training session on the key modules and technical aspects of the Panchayat Darpan portal developed by NIC MP for the Madhya Pradesh Jal Nigam. In her address, Mrs. Kothari provided information about the modules developed for water charges billing process adopted by Jal Nigam and their usage.

Sh. Deepak Vyas elaborated on the process through which the Project Implementation Units (PIUs) of Jal Nigam generate water charge bills for Gram Panchayats through the portal. Participants were also given a demonstration of the complete workflow for bill generation and its management.

The session also covered the **online payment process for water charges by Gram Panchayats**, the **Water Tax Assessment and Billing System**, and the **Citizen Service Portal**, highlighting workflows for bill access, tax assessment, digital payments, and receipt generation. These systems will help in enhancing transparency, streamlining financial management, and improving service delivery for Panchayats and citizens.

The session was attended by officials and Master Trainers associated with the implementation and management of rural water supply schemes. Participants were actively engaged during the session and took part in an interactive discussion and question-answer segment, where several queries and suggestions related to system usage and field-level implementation was discussed.

The lecture helped enhance the understanding of Master Trainers regarding the digital systems developed for MP Jal Nigam on the Panchayat Darpan Portal, enabling them to effectively support training and implementation at the grassroots level.